वर्ष 28 अंक 213
पृष्ठ 20+4=24
बरेली, शनिवार
15 अप्रैल 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

एसआरएमएस को एनएबीएच प्रमाणन की मान्यता

बरेली : भोजीपुरा स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने एनएबीएच प्रमाणन की प्रवेश स्तर मान्यता प्राप्त कर ली है। एसआरएमएस आइएमएस, एनएबीएच के रोगी सुरक्षा एवं गुणवत्ता के विभिन्न मानकों व मापदंडों को पूरा करते हुए यह प्रमाण प्राप्त करके प्रदेश का पहला मेडिकल कालेज बन गया है। क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया की विशिष्ट टीम ने 14 जनवरी को अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर एनएबीएच द्वारा स्थापित मानकों का सत्यापन किया था। प्रशासक आदित्य मूर्ति ने बताया कि अस्पताल एनएबीएच के पूर्ण प्रमाणन को प्राप्त करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, जिसे तीन से छह महीने में पूर्ण कर लिया जाएगा। एनएबीएच देश के अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, मेडिकल प्रयोगशालाओं को गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा को मान्यता देने वाली सर्वोच्च संस्था है।